**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**24.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे**

**मुकेश अग्निहोत्री**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि कांगड़ा ज़िले के मां ज्वालाजी मंदिर के सौंदर्यीकरण पर सौ करोड़ रूपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहरों के संरक्षण व संवर्धन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस ने हमेशा राष्ट्रहित के बजाए स्वहित को प्राथमिकता दी है। हमीरपुर ज़िले में आज विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इसी रवैए का परिणाम है कि पार्टी सांसदों ने संसद के मॉनसून सत्र में पूरे समय चर्चा से भागने व कार्यवाही को अवरूद्ध करने का काम किया है। अनुराग ठाकुर ने स्वतंत्र संवैधानिक संस्थाओं पर संदेह जताने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित विपक्षी दलों की आलोचना भी की।

**धर्माणी**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि लोगों की समस्याओं का त्वरित निपटारा करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। बिलासपुर ज़िले के घुमारवीं में आज जनसुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वर्तमान कार्यकाल में जन कल्याण की दिशा में अनेक योजनाएं शुरू की हैं। धर्माणी ने बताया कि इन योजनाओं के व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं ताकि योजनाएं धरातल पर ज़रूरतमंदों को लाभान्वित कर सकें।

**पठानिया**

प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज दिल्ली में दिल्ली विधानसभा द्वारा आयोजित पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में शिरकत की। केन्द्रीय गृह मंत्री अमितशाह ने सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कुलदीप सिंह पठानिया ने भारत के संविधान और विधायी संस्थाओं को

आकार देने में विट्ठल भाई पटेल की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि विट्ठल भाई पटेल एक महान स्वतंत्रता सैनानी ही नहीं बल्कि विधायी संस्थाओं के सशक्तिकरण और सुदृढ़ीकरण के अग्रदूत और महानायक भी थे।

**प्रधानमंत्री – प्रकाश पर्व**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री गुरुग्रंथ साहिब जी के प्रकाश पर्व पर शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा है कि श्री गुरुग्रंथ साहिब जी की शाश्वत शिक्षाएँ जीवन को आलोकित करती हैं और हमें करुणा, विनम्रता व सेवा के मूल्यों का विनम्र स्मरण कराती हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों से श्री गुरुग्रंथ साहिब जी के प्रज्ञा मार्ग पर चलने की अपील की है ताकि यह दुनिया एक बेहतर स्थान बन सके। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी प्रकाश पर्व के मौके पर लोगों को शुभकामनाएं दीं हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि श्री गुरू ग्रंथ साहिब की शिक्षाएं समाज को सेवा, सच्चाई और भाईचारे के रास्ते पर चलने की प्रेरणा देती हैं।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने आज मंडी ज़िले के आपदा प्रभावित बालीचौकी क्षेत्र का दौरा किया। इस क्षेत्र में हाल ही में हुई भारी वर्षा से सम्पत्ति को व्यापक नुकसान हुआ है। जयराम ठाकुर ने कहा कि आपदा के कारण बालीचौकी में एक दर्जन से अधिक घर पूरी तरह तबाह हो गए हैं जबकि 30 से अधिक घरों को आंशिक रूप से नुकसान हुआ है। उन्होंने राज्य सरकार से आपदा प्रभावितों को जल्द राहत पहुंचाने की मांग की है।

**नमस्कार।**